रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-02112023-249832
CG-DL-E-02112023-249832

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4559] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्तूबर 31, 2023/कार्तिक 9, 1945
No. 4559] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 31, 2023/KARTIKA 9, 1945

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 अक्तूबर, 2023

का.आ. 4747(अ).—पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 2145 (अ), तारीख 6 जुलाई, 2017 के अधिक्रमण में, भारत सरकार के संख्या का.आ. 1226 (अ), तारीख 14 मार्च, 2023, द्वारा प्रारुप अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित की गई थी, जिसमें ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनकी उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाली राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त राजपत्र अधिसूचना की प्रतियां जनता को तारीख 14 मार्च, 2023 को उपलब्ध करा दी गई थी;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना की बाबत व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केंद्रीय सरकार द्वारा विचार किया गया था;

और, गुडेकोटे एक्सटेंशन रीछ अभयारण्य विजयनगर जिले के कुदलिगी तालुक और कर्नाटक के बेल्लारी जिले के संदुर तालुक और चित्रदुर्ग जिले के मोलकलमुरु तालुक में स्थित है, यह पूर्व: 14°52' 05.59", 76° 43' 54.43",

पश्चिम: 14°47' 17.23" , 76° 28' 45.79", उत्तर 14°57' 13.49", 76° 39' 45.76", और दक्षिण: 14°45' 38.41", 76° 34' 18.67 ", के बीच पड़ता है और 167.66 वर्ग किलोमीटर के कुल संरक्षित क्षेत्र को आच्छादित करता है।

और, अभयारण्य को "**गुडेकोटे एक्सटेंशन रीछ अभयारण्य**" के रूप में अधिसूचित किया गया था, जिसका विवरण इस प्रकार है;

सारणी-1

क्र.सं.	**जिला**	**तालुक**	**आरक्षित वन का नाम**	**क्षेत्रफल एकड़ में**	**क्षेत्रफल हेक्टेयर में**	**वन अधिसूचना (संख्या और तारीख में)**
1	विजयनगर	कुदलिगी	गुडेकोटे आरक्षित वन (खंड ए)	4,502.24	1822.03	एफईई-72, एफडब्ल्यूएल-2013 तारीख : 11.11.2013
2	विजयनगर	कुदलिगी	गुडेकोटे विस्तार आरक्षित वन (खंड - बी)	1,642.63	664.76	
3	विजयनगर	कुदलिगी	हलासागरा रिजर्व वन	3,365.63	1362.05	
			कुल	**9,510.50**	**3848.84**	

और, उसके बाद 21.09.2016 को जारी किए गए शुद्धिपत्र के द्वारा हलसागरा आरक्षित वनों - 2238.29 एकड़ को शामिल किया गया था।

सारणी-2

क्र.सं.	**जिला**	**तालुक**	**आरक्षित वन का नाम**	**क्षेत्रफल एकड़ में**	**क्षेत्रफल हेक्टेयर में**	**वन अधिसूचना (संख्या और तारीख में)**
अतिरिक्त क्षेत्र के लिए शुद्धिपत्र				2238.29	905.8	एफईई-432, एफडब्ल्यूएल-2014 तारीख : 21.09.2016

और, इसके अलावा, 12005.48 हेक्टेयर के अतिरिक्त क्षेत्र को शामिल और अधिसूचना संख्या एफईई -62 एफडब्ल्यूएल -2019 तारीख 16.05.2019 द्वारा अधिसूचित किया गया है।

सारणी-3

क्र.सं.	**तालुक**	**आरक्षित वन का नाम**	**क्षेत्रफल (एकड़ में)**	**क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)**	**वन अधिसूचना (संख्या और तारीख में)**
1	कुदलिगी (विजयनगर जिला)	अप्पयिनहल्ली रिजर्व	2866.43	1160.028	
2	कुदलिगी (विजयनगर जिला)	रामदुर्गा	2059.20	833.3468	

3	कुदलिगी (विजयनगर जिला)	शिदेगलू 'ए' ब्लॉक	3179.12	1286.572	एफईई-62 एफ डब्लयू एल-2019 तारीख 16.05.2019
4	कुदलिगी (विजयनगर जिला)	शिदेगलू 'बी' ब्लॉक	10955.98	443.537	
5	कुदलिगी (विजयनगर जिला)	शिदेगलू 'सी' ब्लॉक	5310.05	148.948	
6	कुदलिगी (विजयनगर जिला)	गंडाबोम्मनहल्ली रिजर्व	1292.90	523.2295	
7	संदूर (विजयनगर जिला :)	शेलियप्पनहल्ली ब्लॉक	4204.37	1701:485	
8	मोलकलमुरु (चित्रदुर्ग ज़िला)	संजीवरायणकोट	5985.14	2422.153	
9	कुदलिगी (विजयनगर जिला)	हुलिकुंटा	3672.36	1486.18	
		कुल	**29665.55**	**12005.48**	

सारणी	**क्षेत्र एकड़ में**	**क्षेत्र हेक्टेयर में**
सारणी -1	9510.50	3848.84
सारणी -2	2238.29	905.8
सारणी -3	29665.55	12005.48
कुल योग	41414.34	16759.79

और, कुल 16759.79 हेक्टेयर या 167.59 वर्ग किमी को संरक्षित वन घोषित किया गया है।

और, गुडेकोट एक्सटेंशन रीछ अभयारण्य के संरक्षित क्षेत्र के आसपास के भौगोलिक क्षेत्र को पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय पहलुओं से संरक्षित और सुरक्षित करना, इस भौगोलिक क्षेत्र में उद्योग या उद्योगों का वर्ग और उनका संचालन और प्रक्रियाएं रीछ, तेंदुए और अन्य लुप्तप्राय जीव जैव-विविधता और वन्यजीव और उसके पर्यावरण को संरक्षित करना और प्रतिबंधित करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1), उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिसूचना सं. का.आ. 2145 (अ), तारीख 6 जुलाई, 2017 के अधिक्रमण में, किए गए या किए जाने वाले छोड़े गए कार्यों को छोड़कर, कर्नाटक राज्य में गुडेकोटे एक्सटेंशन रीछ अभयारण्य की सीमा तक के क्षेत्र को गुडेकोटे एक्सटेंशन रीछ अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

IndiaCode

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**--(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन 234.54 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसकी सीमा गुडेकोटे एक्सटेंशन रीछ अभयारण्य की सीमा के आसपास 1 किलोमीटर से 5.70 किलोमीटर तक है।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी ज़ोन के अक्षांश और देशांतर की सीमा का विवरण **उपाबंध-I** में दिया गया है।

(3) प्रमुख बिंदुओं के निर्देशांकों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले अड़तालीस (48) ग्रमों की सूची **उपाबंध-II** में संलग्न है।

(4) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र सूची **उपाबंध –III** में संलग्न है।

(5) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आने वाले संरक्षित वनों की सूची **उपाबंध-IV** में संलग्न है।

(6) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आने वाले आरक्षित वनों की सूची **उपाबंध-V** में संलग्न है।

(7) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में पाए जाने वाले वृक्षों, सरीसृपों, पक्षियों और स्तनधारियों की सूची **उपाबंध-VI** से **X** के रूप में संलग्न है।

(8) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आने वाले भूमि की विधिक श्रेणियों की सूची **उपाबंध-XI** के रूप में संलग्न है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.– (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रभावी प्रबंधन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से तथा इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधि, और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देश, यदि कोई हो, आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) आंचलिक महायोजना को राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।

(3) आंचलिक महायोजना, स्थानीय निवासियों और सभी संबंधित राज्य विभागों के परामर्श से तैयार किया जाएगा, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण;

(ii) वन;

(iii) शहरी विकास;

(iv) पर्यटन;

(v) नगरपालिका;

(vi) राजस्व;

(vii) कृषि;

(viii) कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड;

(ix) सिंचाई;

IndiaCode

(x) लोक निर्माण विभाग; और

(xi) राज्य सरकार की कोई अन्य संबंधित एजेंसी

इसमें पर्यावरणीय और पारिस्थितिकी विचारों को एकीकृत करने के लिए।

(4) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, आंचलिक महायोजना में वर्तमान में अनुमोदित भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा तथा आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में सुधार करके उन्हे अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी-अनुकूल बनाने की व्यवस्था की जाएगी।

(5) आंचलिक महायोजना में वनरहित और अवक्रमित क्षेत्रों के सुधार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, जलग्रहण क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय जनता की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं की व्यवस्था की जाएगी जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों एवं शहरी बस्तियों, वनों की श्रेणियों एवं किस्मों जनजातीय क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, उपजाऊ भूमि क्षेत्रों, उद्यानों एवं उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जल निकायों की सीमा का अभ्यकंन किया जाएगा।

(7) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में होने वाले विकास का विनियमन किया जाएगा और सारणी में यथासूचीबद्ध पैरा 17 में प्रतिषिद्ध, विनियमित एवं संवर्धित क्रियाकलापों का पालन किया जाएगा।

(8) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना तैयार होने तक, सभी नए निर्माण और अन्य विकासात्मक क्रियाकलापों को पैरा 19 के अधीन उपयुक्त कार्रवाई के लिए पैरा 18 के अधीन गठित निगरानी समिति को भेजा जाएगा।

(9) अनुमोदित आंचलिक महायोजना छूट पर विचार करने सहित कोई भी निर्णय लेने के लिए निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगा ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए उपाय करेगी।

4. **भू-उपयोग संबंधी उपाय**.- (1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आमोद-प्रमोद के प्रयोजनों के लिए निर्धारित वनों, बागवानी क्षेत्रों, जनजातीय क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, पार्कों और खुले स्थानों का उपयोग वाणिज्यिक या औद्योगिक संबंधित विकास क्रियाकलापों के लिए क्षेत्रों में नहीं किया जाएगा या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु राज्य सरकार स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने और निम्नलिखित क्रियाकलापों के लिए निगरानी समिति की सिफारिश पर पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि के रूपांतरण को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होंगे, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण के अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए पर्यटकों के अस्थायी आवास के लिए पर्यावरण के अनुकूल कॉटेज, जैसे तंबू, लकड़ी के घर आदि की स्थापना,

(ii) विद्यमान सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण और नई सड़कों का निर्माण,

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग की स्थापना,

(iv) वर्षा जल संभरण, और

(v) ग्राम उद्योगों सहित कॉटेज उद्योग, सुविधा भण्डार और स्थानीय सुविधाएं की स्थापना।

परंतु यह और कि राज्य सरकार वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए आदिवासी क्षेत्र में भूमि के उपयोग या भारत के संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों और उस समय लागू विधियों के अनुपालन की अनुमति

दे सकती है, जिसमें अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) शामिल हैं।

(2) राज्य सरकार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि को प्रत्येक मामले में केवल एक बार निगरानी समिति के परामर्श पर संशोधित होगी, और ऐसे सुधार के बारे में परिवर्तन के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सूचना देनी होगी:

परंतु यह और कि त्रुटि के संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि जिससे हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

5. **प्राकृतिक जल स्रोत संबंधी उपाय.**- राज्य सरकार निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्.-

(i) सभी प्राकृतिक जलमार्गों के जलग्रहण क्षेत्रों की पहचान की जाएगी;

(ii) आंचलिक महायोजना में उनके संरक्षण और बहाली की योजना सम्मिलित की जाएगी; और

(iii) जलग्रहण क्षेत्रों में या उसके पास विकास क्रियाकलापों को प्रतिषिद्ध और निर्बंधित किया जा सके जो ऐसे क्षेत्रों के लिए हानिकारक हों।

6. **पर्यटन महायोजना**.- (1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत राज्य सरकार का पर्यटन विभाग, राज्य सरकार के राजस्व और वन विभाग के परामर्श से, पर्यटन क्रियाकलापों के प्रभावी प्रबंधन के उद्देश्य से पर्यटन महायोजना तैयार करेगी।

(2) पर्यटन महायोजना को आंचलिक महायोजना में शामिल किया जाएगा।

7. **पर्यटन संबंधी उपाय.–** (1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत सभी नए पर्यटन क्रिया-कलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा।

(2) पारिस्थितिकी अनुकूल पर्यटन क्रियाकलाप से संबंधित पर्यटकों के अस्थायी अधिभोग के लिए वास सुविधा के सिवाय गुडेकोटे एक्सटेंशन रीछ अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर तक नये वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात नहीं होंगे।

(3) गुडेकोटे एक्सटेंशन रीछ अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, नए होटल और रिसॉर्ट की स्थापना की अनुमति केवल पारिस्थितिकी-पर्यटन सुविधाओं के लिए पूर्व-निर्धारित और नामित क्षेत्रों में दी जाएगी और पर्यटन महायोजना के अनुसार होगा।

(4) इस अधिसूचना के अधीन आंचलिक महायोजना का अनुमोदन होने तक, पर्यटन के विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल-विशिष्ट संवीक्षा तथा निगरानी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुमत किया जाएगा।

8. **प्राकृतिक विरासत संबंधी उपाय.–** (1) राज्य सरकार छह महीने के भीतर प्राकृतिक विरासत संरक्षण और संरक्षण योजना तैयार करेगी और ऐसी योजना को आंचलिक महायोजना में शामिल किया जाएगा।

(2) राज्य सरकार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन पूल रिजर्व क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफा, स्थलों, वनपथ, रोहण मार्ग और उत्प्रपात की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा और संरक्षण की योजना बनाएगी।

9. **मानव निर्मित विरासत सुरक्षा और संरक्षण योजना.–** (1) राज्य सरकार छह महीने के भीतर मानव निर्मित विरासत स्थल सुरक्षा और संरक्षण योजना तैयार करेगी और ऐसी योजना को आंचलिक महायोजना में शामिल किया जाएगा।

(2) राज्य सरकार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले भवनों, संरचनाओं, कलाकृतियों, क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा और संरक्षण की योजना बनाएगी।

10. **ध्वनि प्रदूषण संबंधी उपाय.–** राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के उपबंधों के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए दिशानिर्देश तैयार करेगा।

11. **वायु प्रदूषण संबंधी उपाय.–** राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14), और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986, और इसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी क्षेत्र में वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत तैयार करेगा।

12. **बहिस्राव का निस्सरण संबंधी उपाय.–** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित अपशिष्टों का निर्वहन जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा।

13. **ठोस अपशिष्ट, निपटान संबंधी उपाय.–** (1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट निपटान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(2) स्थानीय प्राधिकरण ठोस अपशिष्ट को बायोडिग्रेडेबल और नॉन-बायोडिग्रेडेबल घटकों में अलग करने के लिए योजनाएं तैयार करेंगे;

(3) बायोडिग्रेडेबल घटकों को अधिमानतः कंपोस्टिंग या वर्मीकल्चर या बायोगैस संयंत्रों के माध्यम से पुनर्नवीनीकरण किया जाएगा।

(4) नॉन-बायोडिग्रेडेबल घटकों को पर्यावरण की दृष्टि से स्वीकार्य तरीके से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के बाहर पहचाने गए स्थान पर निपटाया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट को जलाने या जलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

14. **जैव चिकित्सा अपशिष्ट निपटान संबंधी उपाय.–** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव-चिकित्सा अपशिष्ट निपटान जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

15. **वाहन-यातायात संबंधी उपाय.–** राज्य सरकार द्वारा वाहन-यातायात को पर्यावास-अनुकूल तरीके से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध शामिल किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और अधिसूचना के अधीन अनुमोदित, निगरानी समिति केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रासंगिक दिशानिर्देशों के अधीन वाहनों की आवाजाही के अनुपालन की निगरानी करेगी।

16. **औद्योगिक ईकाईयां संबंधी उपाय.–** (1) पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में काष्ठ आधारित नये उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जायेगी जब तक कि विधि के अनुसार विद्यमान काष्ठ पर आधारित न हो ।

(2) पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के भीतर जल, मृदा या ध्वनि प्रदुषण कारित करने वाले कोई नया उद्योग स्थापित नहीं किया जाएगा।

IndiaCode

17. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध, विनियमित या संवर्धित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 (1986 का 29) और उसके अधीन बने नियमों के अनुसार शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात्:-

सारणी

क्रम सं. (1)	क्रियाकलाप (2)	टिप्पणी (3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां ।	(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना व्यक्तिगत उपभोग के लिए आवास के लिए देशी टाइलों या ईटों का निर्माण सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होंगी; (ख) खनन प्रचालन, 1995 की रिट याचिका (सिविल) सं. 202 में टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश 4 अगस्त, 2006 और 2012 की रिट याचिका (सिविल) सं. 435 में गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में होगा ।
2.	आरा मीलों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मीलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
3.	जल, वायु, मृदा या ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुमति नहीं होगी।
4.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध होंगे।
5.	नए बृहत तापीय और जल विद्युत परियोजना की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
6.	नाशकजीवमार और कीटनाशी सहित किसी परिसंकटमय पदार्थ का प्रयोग या उत्पादन ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
7.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
8.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारों, विमान, आदि द्वारा राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
9.	नए काष्ठ आधारित उद्योग।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमाओं के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योग की स्थापना को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा :

IndiaCode

		परंतु विद्यमान काष्ठ आधारित उद्योग विधि के अनुसार जारी रह सकता है ।
10.	ईंट भट्ठों की स्थापना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध होंगे।
	ख.विनियमित क्रियाकलाप	
11.	प्लास्टिक कैरी बैग, लैमिनेट और टेट्रा पैक का उपयोग।	प्लास्टिक की वस्तुओं के लेमिनेट्स और टेट्रा पैक के निपटान को सख्ती से विनियमित और निगरानी की जाएगी और लागू विधियों के अधीन विनियमित किया जाएगा।
12.	होटलों और रिसोर्टों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी: तथापि, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के बाहर और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, पर्यटन महायोजना सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार करने की अनुज्ञा होगी।
13.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: (ख) परंतु स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने लिए संनिर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी। (i) मौजूदा सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण और नई सड़कों का निर्माण; (ii) बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं का निर्माण और नवीनीकरण; (iii) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी 2016 में किए गए वर्गीकरण के अनुसार प्रदूषण का कारण नहीं माने गए लघु उद्योग; (iv) ग्रामीण उद्योगों सहित कुटीर उद्योग; पारि-पर्यटन को सपोर्ट करने वाले सुविधा स्टोर और होम स्टे सहित स्थानीय सुविधाएं; और (v) इस अधिसूचना में सूचीबद्ध प्रोत्साहित गतिविधियाँ। (ग) ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे । (घ) एक किलोमीटर से आगे आंचलिक महायोजना के अनुसार

		विनियमित होंगे ।
14.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन भूमि या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई केंद्रीय या संबंधित राज्य के अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी । (ग) आरक्षित वनों और संरक्षित वनों के मामले में कार्य योजना के निर्देशों का पालन किया जाएगा।
15.	वाणिज्यिक जल संसाधन जिसके अंतर्गत भू-जल संचयन भी है।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
16.	विद्युत केबलों, पारेषण लाइनों और दूरसंचार टावरों और ऑप्टिकल फाइबर केबलों, पाइपलाइनों आदि का निर्माण।	विनियमित और भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा देना।
17.	होटल और लॉज के मौजूदा परिसर की बाड़ लगाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
18.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना।	उचित पर्यावरण समाघात निर्धारण और न्यूनीकरण उपाय यथा लागू के अनुसार होंगे ।
19.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे ।
20.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
21.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
22.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण और ठोस अपशिष्ट का निपटान ।	उपचारित अपशिष्ट जल/बहिष्कार को जल निकायों में प्रवेश करने से रोका जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन: उपयोग के लिए किए जाने वाले प्रयास अन्यथा उपचारित अपशिष्ट जल/बहिष्कार के निर्वहन को लागू विधि के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
23.	वाणिज्यिक साइन होर्डिंग्स और होर्डिंग्स।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
24.	फर्मों, कॉरपोरेट और कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन और पोल्ट्री फार्मों की स्थापना।	स्थानीय जरूरतों को पूरा करने के अतिरिक्त लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा।
25.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन से गैर प्रदूषण, गैर परिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, कृषि उद्यान, पुष्पकृषि, कृषि आधारित देशीय माल से औद्योगिक उत्पादों का उत्पादन उद्योग और जो पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालते हैं, अनुज्ञात किए जाएंगे ।
26.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
27.	वायु और यानिक प्रदूषण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
28.	कृषि प्रणालियों में आमूल परिवर्तन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।

ग.संवर्धित क्रियाकलाप		
29.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि, जल कृषि और मछली पालन ।	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे ।
30.	कृषि वानिकी, कौशल विकास, पर्यावरण जागरूकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
31.	वर्षा जल संचय ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
32.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
34.	ग्रामीण कारीगरों सहित कुटीर उद्योग आदि।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
35.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का प्रयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय बढ़ावा दिया जाएगा।

18. निगरानी समिति.- निगरानी समिति के रूप में जानी जाने वाली एक समिति होगी जिसमें निम्नलिखित व्यक्ति शामिल होंगे**,** अर्थात्: -

क्र. सं.	निगरानी समिति का गठन	पद
i.	क्षेत्रीय आयुक्त, गुलबर्गा	अध्यक्ष, पदेन;
ii.	पर्यावरण विभाग, कर्नाटक सरकार के प्रतिनिधि	पदेन, सदस्य;
iii.	शहरी विकास विभाग, कर्नाटक सरकार के प्रतिनिधि	पदेन, सदस्य;
iv.	प्राकृतिक संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत (विरासत संरक्षण सहित) गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि जिन्हें कर्नाटक सरकार द्वारा समय-समय पर तीन साल की अवधि के लिए नामित किया जाएगा।	सदस्य;
v.	क्षेत्रीय अधिकारी, कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड	पदेन, सदस्य;
vi.	प्रतिष्ठित संस्थान या विश्वविद्यालय से पारिस्थितिकी में एक विशेषज्ञ समय-समय पर तीन साल की अवधि के लिए कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा नामित किया जाएगा	सदस्य;
vii.	उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि, - विजयनगर जिला	पदेन, सदस्य;
viii.	उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि, बल्लारी जिला	पदेन, सदस्य;
ix.	उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि, चित्रदुर्ग जिला	पदेन, सदस्य;
x.	उप वन संरक्षक, विजयनगर संभाग, विजयनगर	पदेन, सदस्य सचिव।

19. निगरानी समिति के कार्य.- (1) निगरानी समिति वास्तविक स्थल-विशिष्ट स्थितियों के आधार पर छानबीन करेगी, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आने वाले क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 17 के

अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति लेने के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएंगी।

(2) इस अधिसूचना के पैरा 17 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना की अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

निगरानी समिति संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों या संबंधित पक्षों को, प्रत्येक मामले मे आवश्यकता के अनुसार, अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(4) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति के अनुसार अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट, राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को, उपाबंध-XII में दिए गए निदर्शन पत्र के अनुसार, उस वर्ष की 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(5) केन्द्रीय सरकार अपने कार्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए निगरानी समिति को लिखित रूप में ऐसे निर्देश दे सकती है, जैसा वह उचित समझे।

20. **अनुपालन न करने की शिकायतें**.- निगरानी समिति का सदस्य-सचिव या संबंधित उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम,1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद दायर करने के लिए सक्षम होगा।

[फा. सं. 25/145/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ. एस. केरकेट्टा, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध –I

गुडेकोटे एक्सटेंशन रीछ अभयारण्य के आसपास पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

उत्तर : बिंदु संख्या -1 (उ14 49 53.3 पू76 27 03.1) से शुरू होकर कुदलिगी रेंज खंडम नंबर 01 से 80 के जरमाली आरएफ के उत्तर पश्चिम कोने में जरमाली ग्राम जीपीएस सं 38 (उ14 48 17.1 पू76) (28 52.6) के बिंदु सं. 112 के साथ स्थित है। और पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा उत्तर की ओर जीपीएस बिंदु संख्या 39 (उ14 48 11.6 पू76 29 09.7) से बिंदु संख्या 65 (उ14 58 21.1 पू76 39 47.1) तक जाती है और यह समाप्त हो जाती है।

जीपीएस बिंदु	जीपीएस बिदुं	एलएल	धारक	अक्षांश देशांतर
1	1			उ14 49 53.3 पू76 27 03.1
2	2	200 मी	68° दु	उ14 49 55.7 पू76 27 09.3
3	3	105 मी	90° दु	उ14 49 55.7 पू76 27 12.8
4	4	182 मी	111° दु	उ14 49 53.6 पू76 27 18.5
5	5	135 मी	67° दु	उ14 49 55.3 पू76 27 22.7
6	6	169 मी	318° दु	उ14 49 59.4 पू76 27 18.9
7	7	112 मी	68° दु	उ14 50 00.7 पू76 27 22.4
8	8	119 मी	125° दु	उ14 49 58.5 पू76 27 25.6
9	9	71 मी	46° दु	उ14 50 00.1 पू76 27 27.3

IndiaCode

10	10	119 मी	100° दक्ष	उ14 49 59.4 पू76 27 31.3
11	11	147 मी	184° दक्ष	उ14 49 54.7 पू76 27 31.0
12	12	38 मी	132° दक्ष	उ14 49 53.8 पू76 27 31.9
13	13	81 मी	88° दक्ष	उ14 49 53.9 पू76 27 34.6
14	14	236 मी	182° दक्ष	उ14 49 46.3 पू76 27 34.4
15	15	90 मी	91° दक्ष	उ14 49 46.3 पू76 27 37.4
16	16	202 मी	205° दक्ष	उ14 49 40.3 पू76 27 34.5
17	17	146 मी	94° दक्ष	उ14 49 40.1 पू76 27 39.4
18	18	137 मी	185° दक्ष	उ14 49 35.6 पू76 27 39.0
19	19	356 मी	269° दक्ष	उ14 49 35.4 पू76 27 27.1
20	20	275 मी	164° दक्ष	उ14 49 26.9 पू76 27 29.7
21	21	336 मी	81° दक्ष	उ14 49 28.7 पू76 27 40.7
22	22	110 मी	169° दक्ष	उ14 49 25.2 पू76 27 41.4
23	23	74 मी	82° दक्ष	उ14 49 25.5 पू76 27 43.9
24	24	208 मी	158° दक्ष	उ14 49 19.2 पू76 27 46.5
25	25	57 मी	104° दक्ष	उ14 49 18.8 पू76 27 48.3
26	26	172 मी	16° दक्ष	उ14 49 24.2 पू76 27 49.9
27	27	105 मी	76° दक्ष	उ14 49 25.0 पू76 27 53.3
28	28	82 मी	113° दक्ष	उ14 49 24.0 पू76 27 55.8
29	29	361 मी	147° दक्ष	उ14 49 14.1 पू76 28 02.3
30	30	398 मी	146° दक्ष	उ14 49 03.5 पू76 28 09.8
31	31	1.0 km	158° दक्ष	उ14 48 32.7 पू76 28 22.4
32	32	551 मी	156° दक्ष	उ14 48 16.4 पू76 28 29.8
33	33	153 मी	88° दक्ष	उ14 48 16.6 पू76 28 35.0
34	34	132 मी	1° दक्ष	उ14 48 20.9 पू76 28 35.1
35	35	81 मी	22° दक्ष	उ14 48 23.3 पू76 28 36.1
36	36	128 मी	57° दक्ष	उ14 48 25.5 पू76 28 39.7
37	37	204 मी	152° दक्ष	उ14 48 19.7 पू76 28 42.9
38	38	301 मी	106° दक्ष	उ14 48 17.1 पू76 28 52.6
39	39	538 मी	108° दक्ष	उ14 48 11.6 पू76 29 09.7
40	40	304 मी	70° दक्ष	उ14 48 14.9 पू76 29 19.3
41	41	2.1 किमी	57° दक्ष	उ14 48 52.0 पू76 30 17.3
42	42	543 मी	96° दक्ष	उ14 48 50.0 पू76 30 35.4
43	43	344 मी	111° दक्ष	उ14 48 46.0 पू76 30 46.1
44	44	327 मी	71° दक्ष	उ14 48 49.4 पू76 30 56.4
45	45	420 मी	25° दक्ष	उ14 49 01.7 पू76 31 02.5

India Code

46	46	377 मी	51° ट्रु	उ14 49 09.3 पू76 31 12.3
47	47	144 मी	104° ट्रु	उ14 49 08.1 पू76 31 17.0
48	48	146 मी	106° ट्रु	उ14 49 06.8 पू76 31 21.7
49	49	150 मी	69° ट्रु	उ14 49 08.6 पू76 31 26.4
50	50	590 मी	39° ट्रु	उ14 49 23.5 पू76 31 38.8
51	51	424 मी	75° ट्रु	उ14 49 27.1 पू76 31 52.5
52	52	1.7 किमी	46° ट्रु	उ14 50 05.7 पू76 32 34.0
53	53	2.8 किमी	18° ट्रु	उ14 51 31.1 पू76 33 03.1
54	54	590 मी	92° ट्रु	उ14 51 30.4 पू76 33 22.8
55	55	4.2 किमी	45° ट्रु	उ14 53 06.4 पू76 35 00.6
56	56	3.2 किमी	69° ट्रु	उ14 53 43.7 पू76 36 42.3
57	57	1.1 किमी	5° ट्रु	उ14 54 20.5 पू76 36 45.3
58	58	1.3 किमी	286° ट्रु	उ14 54 32.2 पू76 36 02.1
59	59	1.4 किमी	315° ट्रु	उ14 55 05.2 पू76 35 28.0
60	60	1.2 किमी	356° ट्रु	उ14 55 44.9 पू76 35 25.0
61	61	1.2 किमी	18° ट्रु	उ14 56 22.8 पू76 35 38.0
62	62	4.9 किमी	94° ट्रु	उ14 56 11.1 पू76 38 22.7
63	63	1.1 किमी	355° ट्रु	उ14 56 48.0 पू76 38 19.7
64	64	1.9 किमी	37° ट्रु	उ14 57 37.5 पू76 38 58.9
65	65	2.0 किमी	47° ट्रु	उ14 58 21.1 पू76 39 47.1

पूर्व : नागनहल्ली के उत्तर पूर्व कॉर्नर जीपीएस बिंदु सं. 65 (उ14 58 21.1 पू76 39 47.1) से शुरू होकर याररय्यानहल्ली ग्राम रोड क्रॉसिंग बिंदु और रंगायनदुर्गा बांध के दाहिने बंड जीपीएस बिंदु सं. 96 (उ14 45 01.2 पू76 39 37.0) पर समाप्त होता है।

जीपीएस बिंदु	जीपीएस बिदुं	एलएल	धारक	अक्षांश देशांतर
65	65	2.0 किमी	47° ट्रु	उ14 58 21.1 पू76 39 47.1
66	66	8.6 किमी	125° ट्रु	उ14 55 41.1 पू76 43 44.0
67	67	1.6 किमी	208° ट्रु	उ14 54 55.5 पू76 43 18.9
68	68	376 मी	119° ट्रु	उ14 54 49.6 पू76 43 30.0
69	69	2.0 किमी	189° ट्रु	उ14 53 46.6 पू76 43 19.9
70	70	2.5 किमी	142° ट्रु	उ14 52 41.6 पू76 44 12.1
71	71	765 मी	116° ट्रु	उ14 52 30.9 पू76 44 35.2
72	72	1.8 किमी	176° ट्रु	उ14 51 33.7 पू76 44 39.4
73	73	1.2 किमी	230° ट्रु	उ14 51 09.4 पू76 44 09.3
74	74	318 मी	315° ट्रु	उ14 51 16.7 पू76 44 01.8
75	75	2.4 किमी	246° ट्रु	उ14 50 45.2 पू76 42 47.0

IndiaCode

76	76	2.3 किमी	279° द्रु	उ14 50 56.3 पू76 41 30.2
77	77	1.3 किमी	160° द्रु	उ14 50 17.0 पू76 41 45.3
78	78	2.4 किमी	111° द्रु	उ14 49 49.9 पू76 43 00.0
79	79	790 मी	129° द्रु	उ14 49 33.8 पू76 43 20.6
80	80	836 मी	201° द्रु	उ14 49 08.6 पू76 43 10.6
81	81	683 मी	161° द्रु	उ14 48 47.8 पू76 43 18.1
82	82	348 मी	187° द्रु	उ14 48 36.6 पू76 43 16.6
83	83	258 मी	234° द्रु	उ14 48 31.8 पू76 43 09.6
84	84	315 मी	270° द्रु	उ14 48 31.8 पू76 42 59.0
85	85	3.1 किमी	244° द्रु	उ14 47 48.6 पू76 41 25.7
86	86	2.3 किमी	215° द्रु	उ14 46 48.9 पू76 40 42.6
87	87	957 मी	302° द्रु	उ14 47 05.4 पू76 40 15.5
88	88	670 मी	214° द्रु	उ14 46 47.5 पू76 40 02.9
89	89	1.3 किमी	162° द्रु	उ14 46 07.7 पू76 40 16.0
90	90	1.4 किमी	197° द्रु	उ14 45 23.1 पू76 40 01.5
91	91	474 मी	259° द्रु	उ14 45 20.1 पू76 39 45.9
92	92	285 मी	183° द्रु	उ14 45 10.9 पू76 39 45.4
93	93	180 मी	255° द्रु	उ14 45 09.4 पू76 39 39.6
94	94	107 मी	207° द्रु	उ14 45 06.3 पू76 39 38.0
95	95	142 मी	167° द्रु	उ14 45 01.9 पू76 39 39.1
96	96	66 मी	252° द्रु	उ14 45 01.2 पू76 39 37.0

दक्षिण : जीपीएस बिंदु संख्या 96 (उ14 45 01.2 पू76 39 37.0) से शुरू होकर सीमा पश्चिम की ओर बढ़ती है और कुदलीगी रेंज के जरमाली आरएफ के कंदम संख्या 104 पर पहुंचती है और कंदम नं 105 से 140 तक जरमाली आरएफ की दक्षिण सीमा के साथ चलती है और यह जीपीएस बिंदु संख्या 143 (उ14 46 57.3 पू76 26 02.4) पर समाप्त होता है।

जीपीएस बिंदु	**जीपीएस बिंदु**	**एलएल**	**धारक**	**अक्षांश देशांतर**
96	96	66 मी	252° द्रु	उ14 45 01.2 पू76 39 37.0
97	97	624 मी	312° द्रु	उ14 45 14.8 पू76 39 21.5
98	98	2.9 किमी	263° द्रु	उ14 45 03.2 पू76 37 44.3
99	99	279 मी	331° द्रु	उ14 45 11.1 पू76 37 39.8
100	100	428 मी	281° द्रु	उ14 45 13.9 पू76 37 25.8
101	101	468 मी	248° द्रु	उ14 45 08.2 पू76 37 11.3
102	102	223 मी	311° द्रु	उ14 45 12.9 पू76 37 05.7
103	103	333 मी	15° द्रु	उ14 45 23.4 पू76 37 08.5

104	104	359 मी	327° दृ	उ14 45 33.1 पू76 37 01.9
105	105	790 मी	233° दृ	उ14 45 17.7 पू76 36 40.8
106	106	441 मी	272° दृ	उ14 45 18.2 पू76 36 26.1
107	107	436 मी	330° दृ	उ14 45 30.4 पू76 36 18.8
108	108	702 मी	295° दृ	उ14 45 39.9 पू76 35 57.5
109	109	87 मी	256° दृ	उ14 45 39.2 पू76 35 54.7
110	110	182 मी	178° दृ	उ14 45 33.3 पू76 35 55.0
111	111	168 मी	272° दृ	उ14 45 33.5 पू76 35 49.3
112	112	169 मी	308° दृ	उ14 45 36.9 पू76 35 44.9
113	113	393 मी	273° दृ	उ14 45 37.6 पू76 35 31.8
114	114	317 मी	252° दृ	उ14 45 34.5 पू76 35 21.7
115	115	2.3 किमी	235° दृ	उ14 44 51.2 पू76 34 17.6
116	116	3.2 किमी	308° दृ	उ14 45 55.3 पू76 32 52.0
117	117	140 मी	5° दृ	उ14 45 59.8 पू76 32 52.4
118	118	1.7 किमी	256° दृ	उ14 45 47.0 पू76 31 57.8
119	119	159 मी	15° दृ	उ14 45 52.0 पू76 31 59.2
120	120	2.8 किमी	250° दृ	उ14 45 20.2 पू76 30 30.6
121	121	589 मी	198° दृ	उ14 45 02.1 पू76 30 24.6
122	122	259 मी	268° दृ	उ14 45 01.8 पू76 30 15.9
123	123	182 मी	182° दृ	उ14 44 56.0 पू76 30 15.7
124	124	659 मी	285° दृ	उ14 45 01.4 पू76 29 54.4
125	125	633 मी	257° दृ	उ14 44 56.6 पू76 29 33.7
126	126	1.3 किमी	282° दृ	उ14 45 05.2 पू76 28 51.1
127	127	1.8 किमी	333° दृ	उ14 45 56.8 पू76 28 23.8
128	128	1.5 किमी	324° दृ	उ14 46 36.2 पू76 27 53.8
129	129	596 मी	13° दृ	उ14 46 55.0 पू76 27 58.2
130	130	680 मी	35° दृ	उ14 47 13.1 पू76 28 11.1
131	131	629 मी	314° दृ	उ14 47 27.2 पू76 27 55.9
132	132	868 मी	276° दृ	उ14 47 29.9 पू76 27 27.0
133	133	38 मी	206° दृ	उ14 47 28.8 पू76 27 26.4
134	134	702 मी	283° दृ	उ14 47 33.9 पू76 27 03.6
135	135	609 मी	172° दृ	उ14 47 14.4 पू76 27 06.4
136	136	602 मी	148° दृ	उ14 46 57.9 पू76 27 17.1
137	137	1.2 किमी	263° दृ	उ14 46 53.1 पू76 26 37.3
138	138	242 मी	332° दृ	उ14 47 00.0 पू76 26 33.5
139	139	161 मी	272° दृ	उ14 47 00.2 पू76 26 28.1
140	140	140 मी	183° दृ	उ14 46 55.7 पू76 26 27.9
141	141	473 मी	262° दृ	उ14 46 53.7 पू76 26 12.2

IndiaCode

142	142	162 मी	342° द्रु	उ14 46 58.6 पू76 26 10.6
143	143	249 मी	260° द्रु	उ14 46 57.3 पू76 26 02.4

पश्चिम : कुदलिगी रेंज के जरमाली आरएफ के जीपीएस बिंदु सं. 143 (उ14 46 57.3 पू76 26 02.4) यानी कंदम सं 140 से शुरू होकर और सीमा जरमाली आरएफ की पश्चिम सीमा के उत्तर की ओर बढ़ती है और यह शुरुआती बिंदु यानी कंदम नंबर 01 जरमाली आरएफ जीपीएस बिंदु संख्या 01 (उ14 49 53.3 पू76 27 03.1) की दक्षिण सीमा पर समाप्त होगी। और यह समाप्त होता है।

जीपीएस बिंदु	जीपीएस बिंदु	एलएल	धारक	अक्षांश देशांतर
143	143	249 मी	260° द्रु	उ14 46 57.3 पू76 26 02.4
144	144	322 मी	333° द्रु	उ14 47 06.6 पू76 25 57.5
145	145	653 मी	355° द्रु	उ14 47 27.6 पू76 25 55.6
146	146	217 मी	33° द्रु	उ14 47 33.5 पू76 25 59.6
147	147	546 मी	57° द्रु	उ14 47 43.2 पू76 26 14.8
148	148	476 मी	313° द्रु	उ14 47 53.7 पू76 26 03.1
149	149	1.2 किमी	44° द्रु	उ14 48 20.6 पू76 26 30.0
150	150	534 मी	101° द्रु	उ14 48 17.4 पू76 26 47.6
151	151	299 मी	16° द्रु	उ14 48 26.7 पू76 26 50.4
152	152	1.0 किमी	91° द्रु	उ14 48 26.3 पू76 27 24.1
153	153	213 मी	139° द्रु	उ14 48 21.0 पू76 27 28.8
154	154	470 मी	94° द्रु	उ14 48 19.9 पू76 27 44.5
155	155	87 मी	51° द्रु	उ14 48 21.7 पू76 27 46.8
156	156	168 मी	103° द्रु	उ14 48 20.4 पू76 27 52.2
157	157	608 मी	350° द्रु	उ14 48 39.8 पू76 27 48.9
158	158	271 मी	280° द्रु	उ14 48 41.3 पू76 27 39.9
159	159	74 मी	353° द्रु	उ14 48 43.7 पू76 27 39.6
160	160	351 मी	34° द्रु	उ14 48 53.1 पू76 27 46.2
161	161	151 मी	293° द्रु	उ14 48 55.0 पू76 27 41.5
162	162	96 मी	346° द्रु	उ14 48 58.0 पू76 27 40.7
163	163	102 मी	284° द्रु	उ14 48 58.8 पू76 27 37.4
164	164	585 मी	343° द्रु	उ14 49 16.9 पू76 27 31.7

IndiaCode

165	165	90 मी	252° ट्रु	उ14 49 16.0 पू76 27 28.8
166	166	405 मी	183° ट्रु	उ14 49 02.9 पू76 27 28.1
167	167	107 मी	266° ट्रु	उ14 49 02.7 पू76 27 24.6
168	168	447 मी	331° ट्रु	उ14 49 15.3 पू76 27 17.3
169	169	167 मी	9° ट्रु	उ14 49 20.6 पू76 27 18.2
170	170	451 मी	274° ट्रु	उ14 49 21.6 पू76 27 03.1
171	171	119 मी	341° ट्रु	उ14 49 25.3 पू76 27 01.8
172	1	867 मी	3° ट्रु	उ14 49 53.3 पू76 27 03.1

उपाबंध –II

गुडेकोटे एक्सटेंशन रीछ अभयारण्य (डाटम डब्ल्यूजीएस-84) के आसपास पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आने वाले ग्रामों की सूची

ग्राम का मानचित्र आईडी	ग्राम के नाम	तालुक	क्षेत्र वर्ग किलोमीटर में	अक्षांश	देशांतर
1	गुडेकोटे	कुदलिगी	22	14°49'53.72"उ	76°37'33.99"पू
2	हलासागरा	कुदलिगी	15	14°50'35.42"उ	76°40'0.91"पू
3	अप्पय्यानहल्ली	कुदलिगी	15	14°51'29.52"उ	76°41'16.79"पू
4	उरुदीहल्ली	कुदलिगी	3.5	14°45'39.61"उ	76°38'36.70"पू
5	कासापुरा	कुदलिगी	15	14°47'16.15"उ	76°38'32.45"पू
6	गैदाबोम्मनाहल्ली	कुदलिगी	14	14°46'9.55"उ	76°35'7.80"पू
7	अर्जुनचिन्ननहल्ली	कुदलिगी	7.43	14°45'57.67"उ	76°32'50.90"पू
8	शिदेगल्लू	कुदलिगी	8	14°48'4.56"उ	76°34'24.86"पू
9	रामदुर्गा	कुदलिगी	5	14°51'15.65"उ	76°32'48.44"पू
10	कुदुरेदुवु	कुदलिगी	1	14°51'30.28"उ	76°33'18.73"पू
11	बेलीगट्टा	कुदलिगी	9	14°48'10.72"उ	76°31'46.64"पू
12	हुलिकुंटा	कुदलिगी	6	14°45'46.61"उ	76°31'53.18"पू
13	कदेकोला	कुदलिगी	9	14°45'10.80"उ	76°28'53.88"पू
14	बनविकल्लू	कुदलिगी	4	14°45'49.52"उ	76°26'20.71"पू
15	अमलापुरा	कुदलिगी	1.73	14°48'36.72"उ	76°25'35.18"पू
16	जरमाली	कुदलिगी	8	14°49'30.16"उ	76°27'54.65"पू
17	चिलुमहल्ली थांडा	कुदलिगी	हैमलेट ग्राम	14°53'17.48"उ	76°39'15.97"पू

IndiaCode

18	लिंगनहल्ली थांडा	कुदलिगी	हैमलेट ग्राम	14°50'32.14"उ	76°36'47.33"पू
19	सर्वोदय	कुदलिगी	हैमलेट ग्राम	14°50'57.12"उ	76°38'0.41"पू
20	महादेवपुरा	कुदलिगी	हैमलेट ग्राम	14°50'56.95"उ	76°39'30.78"पू
21	अप्पय्यानहल्ली थंडा	कुदलिगी	हैमलेट ग्राम	14°51'15.77"उ	76°41'2.56"पू
22	श्रीकांतपुरा	कुदलिगी	हैमलेट ग्राम	14°49'55.93"उ	76°35'29.13"पू
23	श्रीकांतपुरा थांडा	कुदलिगी	हैमलेट ग्राम	14°50'28.53"उ	76°35'54.14"पू
24	नरसिम्हागिरी	कुदलिगी	हैमलेट ग्राम	14°47'58.34"उ	76°31'4.67"पू
25	यारोबाय्यानाहट्टी	कुदलिगी	हैमलेट ग्राम	14°50'8.76"उ	76°36'12.32"पू
26	डी सिद्धपुरा	कुदलिगी	हैमलेट ग्राम	14°51'25.50"उ	76°42'6.19"पू
27	गेदालगट्टे	कुदलिगी	हैमलेट ग्राम	14°48'18.79"उ	76°29'41.19"पू
28	गोललिंगममनहल्ली	संदुरु	7	14°58'14.75"उ	76°39'54.68"पू
29	कनकपुरा	संदुरु	8	14°56'10.72"उ	76°39'1.71"पू
30	शेलियप्पनहल्ली	संदुरु	25	14°54'23.59"उ	76°37'41.22"पू
31	मताजनहल्ली	संदुरु	हैमलेट ग्राम	14°54'6.88"उ	76°39'40.08"पू
32	बोम्मलाहल्ली	संदुरु	3	14 56 09.40 उ	76 36 49.62 पू
33	गौरीपुरा	संदुरु	2.5	14 56 00.19 उ	76 35 42.65 पू
34	मोटालाकुंटे	संदुरु	हैमलेट ग्राम	14°56'54.27"उ	76°41'14.49"पू
35	जिलागुंडी	मोलाकलमुरु	8	14°55'36.85"उ	76°40'51.93"पू
36	यारनहल्ली	मोलाकलमुरु	1.68	14°56'13.11"उ	76°43'49.73"पू
37	थिम्ममवनहल्ली	मोलाकलमुरु	3	14 56 05.21 उ	76 41 45.03 पू
38	संजीवरायणकोटे	मोलाकलमुरु	5	14°53'57.52"उ	76°41'26.63"पू
39	चिक्केरहल्ली	मोलाकलमुरु	1.1	14 47 32.12 उ	76 42 55.14 पू
40	होसाहल्ली	मोलाकलमुरु	5	14°53'48.61"उ	76°44'9.32"पू
41	वडेराहल्ली	मोलाकलमुरु	9	14°51'39.54"उ	76°43'50.79"पू
42	संजीवरायणकोटे	मोलाकलमुरु	0	14°53'57.52"उ	76°41'26.63"पू
43	चिक्केरहल्ली	मोलाकलमुरु	1.63	14 47 32.12 उ	76 42 55.14 पू
44	भर्तहल्ली	मोलाकलमुरु	5.9	14 47 34.52 उ	76 42 32.46 पू
45	तलवरहल्ली	मोलाकलमुरु	0.26	14 47 00.68 उ	76 40 40.66 पू
46	पुरबोरानहल्ली	मोलाकलमुरु	1.86	14 46 07.04 उ	76 40 11.07 पू
47	रंगायनदुर्गा	मोलाकलमुरु	1.95	14 45 43.56 उ	76 39 38.28 पू


IndiaCode

48	चिन्नवालाडागुड्डा	मोलाकलमुरु	1	14 54 54.8 उ	76 42 17.51 पू
			234.54 हेक्टे		


IndiaCode

उपाबंध – III


अक्षांश और देशांतर के साथ गुडेकोटे एक्सटेंशन रीछ अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र




गुडेकोटे रीछ अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का गूगल मानचित्र




अक्षांश और देशांतर सहित गुडेकोटे एक्सटेंशन रीछ अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र



गुडेकोटे एक्सटेंशन रीछ अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के मानचित्र का उपयोग करने वाली भूमि



गुडेकोटे एक्सटेंशन रीछ अभयारण्य के भालू संचलन के लिए महत्वपूर्ण गलियारे और कनेक्टिविटी



उपाबंध – IV

पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा में गुडेकोटे एक्सटेंशन रीछ अभयारण्य संरक्षित वन की जीपीएस रीडिंग

क्र. सं.	तालुक	रिजर्व वन का नाम		डब्ल्यूजीएस 84 में जीपीएस रीडिंग
1	मोलकलमुरु	संजीवरायणकोटे	ए1	उ 14 51 53.34 पू 76 43 54.59
			ए2	उ 14 52 05.54 पू 76 43 54.59
			ए3	उ 14 53 27.10 पू 76 42 49.86
			ए4	उ 14 55 31.69 पू 76 41 41.80
			ए5	उ 14 56 32.33 पू 76 39 36.22
2	संदुरु	शेलियप्पनहल्ली	बी1	उ 14 56 22.41 पू 76 40 14.94
			बी2	उ 14 57 14.06

				पू 76 40 08.87
			बी3	उ 14 56 44.64 पू 76 39 00.31
